शनिवार
23 मार्च 2024



पृष्ठ 4
हेल्दी समझकर क्या आप भी एयर फ्रायर में पकाते हैं खाना...!



पृष्ठ 5
अपने राजनीतिक विरोधियों को कड़ी चुनौती देती हैं रानी भारती:हुमा कुरैशी



● देहरादून
● वर्ष 32
● अंक 56
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

कुल की प्रतिष्ठा भी विनम्रता और सदव्यवहार से होती है, हेकड़ी और रुआब दिखाने से नहीं।
— प्रेमचंद

दून वैली मेल
सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

# दो साल में बनाये कड़े कानून, रोजगार के द्वार खोले: धामी

हमारे संवाददाता

देहरादून। सरकार के दो साल पूरे होने पर सीएम धामी ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। जिसमें उन्होने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट से उत्तराखंड चौमुखी विकास के राह पर आगे बढ़ रहा है। कहा कि उनकी सरकार ने नकल विरोधी कानून , धर्मांतरण कानून और यूसीसी को लेकर ऐतिहासिक फैसले लिये गये है।



सरकार के दो साल पूरे होने पर आज स्थानीय होटल में आयोजित एक क्रार्यकम के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य की निर्वाचित सरकार के कार्यकाल को दो साल पूरा हो गया है. राज्य गठन के बाद यह पहला अवसर है जब राज्य में मिथक टूटा और किसी भी राजनीतिक दल को लगातार दूसरी बार सेवा करने का अवसर दिया। उन्होने कहा कि राज्य गठन के बाद पहली बार इन दो साल के कार्यकाल के दौरान तमाम बड़ी उपलब्धियां हासिल हुई हैं। साथ ही इन दो साल के कार्यकाल के दौरान बड़ी चुनौतियां भी आई।

कहा कि उनकी सरकार ने यूसीसी को विधानसभा में पारित किया और इसके बाद राजभवन भेजा। जहां से सहमति मिलने के बाद राष्ट्रपति भवन भेजा गया, जहा से सहमति मिलने के बाद कमेटी गठित की गई है जो अपना काम कर रही है ऐसे में कमेटी का काम पूरा होने के बाद प्रदेश में लागू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही नकल विरोधी कानून, धर्मांतरण कानून, दंगा विरोधी कानून को लागू किया गया है। इसके अलावा राज्य की महिलाओं को 30 फीसदी क्षैतिज आरक्षण का लाभ दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त के लिए 1064 बनाया गया, जिससे उत्तराखंड को भ्रष्टाचार मुक्त राज्य बनाया जा सके। तमाम क्षेत्रों में जहां राजस्व पुलिस काम करती थी उसे हटा कर सामान्य पुलिस को तैनात की गई है। साल 2012 के मुकाबले बजट काफी अधिक बढ़ा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में बड़ी संख्या

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# दादी के साथ घास काटने गये दो बच्चों की नदी में डूबने से मौत

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। दादी के साथ घास काटने गये तीन में से दो बच्चों की गोला नदी में डूबने से मौत हो गयी। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनो शवों को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह सिरौली कलां निवासी फरमुदन घास काटने के लिये घर से निकली तो उनका पोता शाद पुत्र मोहम्मद हनीफ, अरमान पुत्र उस्मान व पोती आरफा पुत्री शहादत भी साथ जाने की जिद करने लगे। इस पर फरमुदन सभी को साथ लेकर महेंद्र फार्म के पास गोला नदी किनारे पहुंच गयी।

बताया जा रहा कि फरमुदन घास काटने लगी तो उसके पीछे तीनों बच्चे नदी में नहाने लगे। इसी दौरान बहाव तेज होने पर शाद और आरफा नदी में डूब गये। बच्चों के नदी में डूबने पर फरमुदन ने हल्ला मचाया तो आसपास के लोग दौड़ पड़े। वहीं, सूचना पर स्थानीय पुलिस व रेस्क्यू टीम भी मौके पर पहुंच गयी। रेस्क्यू टीम के जसवंत सिंह पुत्र बलवीर सिंह ने दोनों बच्चों को बाहर निकाला। दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में ले लिया है।



उधर, स्थानीय लोगों ने कांग्रेस नेता संजीव कुमार सिंह व अरुण तनेजा के साथ गोला नदी में अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग करते हुये प्रदर्शन भी किया है।

## हिमाचल प्रदेश के छह बागी विधायक भाजपा में हुए शामिल

शिमला। । हिमाचल प्रदेश के छह बागी विधायक-सुधीर शर्मा, रवि ठाकुर, इंदर दत्त लखनपाल, देवेंद्र भुट्टो, राजेंद्र राणा और चौतन्य शर्मा हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए। छह कांग्रेस विध ायकों को अयोग्य करार दिए जाने के साथ, 68 सदस्यीय विधानसभा में सत्तारूढ़ कांग्रेस के सदस्यों की संख्या 40 से घटकर 34 रह गई है। सदन में भाजपा के 25 सदस्य हैं। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के बागी विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद रिक्त हुई छह विधानसभा सीट पर उपचुनाव एक जून को होंगे। धर्मशाला, सुजानपुर, लाहौल एवं स्पीति, बड़सर, गगरेट और कुटलैहड़ में उपचुनाव होंगे। ये सीट छह बागी कांग्रेस विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद रिक्त हो गईं। विधायक विधानसभा में कटौती प्रस्ताव और वित्त विधेयक (बजट) पर मतदान से दूर रहे थे। हिमाचल प्रदेश में हालिया राज्यसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने वाले तीन निर्दलीय विधायकों ने शुक्रवार को विधानसभा सचिव को अपना इस्तीफा सौंप दिया था।




## मॉस्को आतंकी हमले में अब तक 93 लोगों के मारे जाने की पुष्टि, 4 आतंकियों समेत 11 हिरासत में

मॉस्को। रूस की राजधानी मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल कॉन्सर्ट में हुए हमले के बाद 11 लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनमें सीधे तौर पर चार लोग शामिल हैं। विधायक अलेक्जेंडर खिनशेटिन ने शनिवार को टेलीग्राम पर इसकी सूचना दी। मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल कॉन्सर्ट में हुए हमले के बाद 11 लोगों को हिरासत में लिया गया है जिनमें सीध े तौर पर चार लोग शामिल हैं।



विधायक अलेक्जेंडर खिनशेटिन ने शनिवार को टेलीग्राम पर इसकी सूचना दी। वहीं इस्लामिक स्टेट खुरासन के आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 93 हो गई है। वहीं 145 लोग घायल हुए है। खिनशेटिन ने बताया कि दो आरोपियों को रूस के ब्रांस्क क्षेत्र में कार का पीछा करने के बाद गिरफ्तार किया गया। वहीं, अन्य संदिग्ध पैदल ही पास के जंगल में भाग गए। इस्लामिक स्टेट खुरासन के आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 93 हो गई है। वहीं, 145 लोग घायल हुए है। हमला शुक्रवार रात (22 मार्च) को हुआ। इसकी जिम्मेदारी आईएसआईएसने ली है। सेना जैसी वर्दी पहने 4 आतंकियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाईं, बम फेंके और फरार हो गए। हमले में अब तक 93 लोगों की मौत हुई है। आंकड़ा बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। 140 से ज्यादा लोग घायल हैं। हमले की जगह के वीडियो फुटेज में क्रोकस सिटी हॉल कॉन्सर्ट स्थल में आग लगी हुई दिखाई दे रही है, जिससे हवा में घना, काला ध ुआ भर गया है। इसमें विशाल हॉल में गोलियों की आवाज के बीच डरे हुए स्थानीय लोगों को चिल्लाते और दुबकते हुए भी दिखाया गया है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# हार के डर के आगे हार है

देश की 17वीं लोकसभा के लिए होने वाला यह आम चुनाव वास्तव में कोई आम चुनाव नहीं है। इस चुनाव को कोई राजनीतिक दल और नेता नहीं लड़ रहे हैं। इस चुनाव में ईडी, सीबीआई और चुनाव आयोग जैसी स्वायत्तता धारी संस्थाओं से लेकर पाकिस्तान और चीन में बैठी उन कंपनियों की सहभागिता खुले तौर पर सामने आ चुकी है जो चुनावी फंडिंग कर रही हैं। भले ही निर्वाचन आयोग और सत्ताधारी दल के नेताओं द्वारा निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की जा रही हो लेकिन जमीनी हकीकत इससे एकदम अलग है। चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद जिस तरह से ईडी और सीबीआई के द्वारा विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है तथा आयकर विभाग द्वारा मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के सभी खातों को सीज किया गया है उसकी रोशनी में इस बात को आसानी से समझा जा सकता है कि सत्ता पक्ष की मंशा क्या है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके संकेत बीते कई महीनो से अपने उन वक्तव्यों के जरिए देते रहे हैं जिनमें उनके ही तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने या फिर विपक्ष का सुपड़ा साफ करने या विपक्ष को दर्शक दीर्घा में बैठने वाले बयान शामिल है। लोकतंत्र में कोई भी राजनीतिक दल या नेता अपनी और अपनी पार्टी की जीत का दावा इस तरह भला कैसे कर सकता है कि जीतेगा तो वही। इसे कोई भी प्रधानमंत्री मोदी का आत्मविश्वास नहीं कह सकता है। अगर उनका यह आत्मविश्वास ही होता तो उन्हें और भाजपा की सरकार को वह सब हथकंडे अपनाने तथा किसी के भी साथ गठबंधन करने के लिए तत्पर नहीं देखा जा सकता था। कल ईडी ने दिल्ली के सीएम केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया। उससे पहले झारखंड के सीएम सोरेन को जेल भेजा जा चुका है। बीजेपी इन कार्रवाइयों को भ्रष्टाचार पर वार के तौर पर पेश कर रही है लेकिन लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या भ्रष्टाचारी सिर्फ विपक्षी दलों के नेता ही है भाजपा में कोई एक भी भ्रष्टाचारी नहीं है बीते 10 सालों में भ्रष्टाचार में ईडी और सीबीआई ने भाजपा के कितने नेताओं को जेल भेजा है। इन दिनों देश की राजनीति में इलेक्टोरल बांड और पीएम केयर फंड को लेकर सरकार पर कई सवाल उठ रहे हैं। नोटबंदी और जीएसटी जैसे मुद्दों पर सरकार की घेराबंदी की जा रही है। महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दों को लेकर भी विपक्ष हमलावर है। इस सब के बीच लामबंद होता दिख रहा विपक्ष सत्तारूढ़ भाजपा के लिए बड़ा सिर दर्द बना हुआ है। यही कारण है कि अब सत्ता में बैठे नेता जनता का ध्यान भटकाने के लिए नेताओं की गिरफ्तारियों में जैसे काम करा रहे हैं। विपक्षी नेता जिस मजबूती के साथ जनहित के मुद्दों को जनता के सामने रखकर सरकार के झूठे वायदे व दावों की कलई खोल रहे हैं उसने सरकार को इतना असहज कर दिया है कि वह अब शक्ति शब्द जैसे मुद्दों और विपक्ष ने मुझे कितनी बार गालियां दी जैसी बातें अपनी जनसभा में उठाकर लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। मंदिर, हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और विकसित भारत के मुद्दे अब उनकी जुबान पर नहीं आ पा रहे हैं। अभी तो चुनाव शुरू भी नहीं हुआ है आगे आगे देखिए होता है क्या जाति, धर्म, विकास की और अच्छे बुरे दिनों की बातें पीछे छूट गयी है और नया क्या कुछ सामने आता है इसका अंदाजा भी इस दौर में कोई नहीं लगा सकेगा।

# शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद ने भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव के शहादत दिवस पर उनको श्रद्धांजलि दी।

आज यहां सरदार भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव की शहादत दिवस पर उत्तराखंड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के कार्यकर्ताओं ने उन्हें कचहरी परिसर स्थित शहीद स्मारक में श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार और परिषद के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल ने कहा कि हमें तीनों क्रांतिकारियों से जीवन की प्रेरणा लेनी चाहिए ताकि आज की नजाकता को देखते हुए लेनी चाहिए की किस प्रकार उनमें देश प्रेम की भावना कूट-कूट कर भरी थी। इन तीनों क्रांतिकारियों ने अंग्रेजों से लोहा लेते हुए अपने प्राणों की बली तक दे डाली थी। सरदार भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में नवनीत गुसाईं सुरेश कुमार प्रभात डेंड्रियाल विपुल नौटियाल चिंतन सकलानी बलेश बवानिया आदि मौजूद रहे।

परि ष्य सुवानो अव्ययं रथे न वर्माव्यत।
इन्दुरभि द्रुणा हितो हियानो धाराभिरक्षा:।।

(ऋग्वेद ९-९८-२)

सोम शांति, शक्ति और दिव्यता में वृद्धि करता है। सोम मनुष्य की अविनाशी आत्मा तक पहुंचता है। सोम शरीर रूपी रथ का वह कवच है जिसको शत्रुओं (काम, क्रोध, लोभ, मोह, आदि) के बाण भी नहीं भेद सकते।

# त्वरित निर्णय क्षमता उद्यमिता शिक्षा की मूल अवधारणा: प्रो0 उभान

कार्यालय संवाददाता

नरेन्द्रनगर। देवभूमि योजना देवभूमि योजना के अंतर्गत उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेंद्र नगर में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर ज्योति शैली ने उत्तराखंड में सेवा क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसर एवं आर्थिक संपन्नता पर व्याख्यान दिया।



अपने संबोधन में ज्योति ने कहा कि स्टार्टअप में तकनीकी समावेश, हरित पर्यावरण परिकल्पना के साथ ही सामाजिक मापदंडों का समावेश आवश्यक है। डिजिटल पेमेंट से स्टार्टअप उद्यमिता को बढ़ावा मिला जिसमें जोमैटो, स्विग्गी, रैपीडो, बला बला जैसे स्टार्टअप ग्राहकों की आवश्यकताओं को समझते हुए प्रगति कर रहे हैं।

प्रशिक्षण नोडल डॉक्टर संजय महर ने कहा कि रूरल मार्ट के प्रसार एवं विस्तार से युवा उद्यमियों को तराशा जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि होमस्टे योजना हथकरघा, हस्त शिल्प योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, स्टार्टअप नीति के अंतर्गत वित्तीय सहायता एवं उद्यमिता कौशल से युवाओं को जोड़ा जाना आवश्यक है।

गुजरात से आए हुए मास्टर ट्रेनर मेहुल समधिया ने गुजरात में उद्यमिता के क्षेत्र में किया जा रहे प्रयासों से छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। स्टार्टअप के क्षेत्र में छात्र छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि व्यवसाय में लाभ हेतु नेटवर्किंग होना आवश्यक है। कार्यक्रम संरक्षक एवं प्राचार्य प्रोफेसर राजेश कुमार उभान ने छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से उद्यमिता के क्षेत्र में लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। उद्यमिता शिक्षा रोजगार हेतु मंच प्रदान करता है जहां तात्कालिक निर्णय लेने आवश्यक हैं। क्षमता संवर्धन एवं आत्मविश्वास एवं से समन्वय उद्यमिता स्टार्टअप के लिए आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि त्वरित निर्णय तभी संभव है जब विचारों में स्पष्ट हो, यही उद्यमिता शिक्षा की मूल अवधारणा है। सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र पुंडीर ने छात्र-छात्राओं को उद्यमिता शिक्षा के प्रति रुचि लेने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉक्टर राजपाल, मेहुल, मनीष, अजय, शिशुपाल, डॉक्टर विक्रम भर्तवाल मानसी, अनिल पुंडीर, तुषार के साथ ही अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन नोडल प्रशिक्षण डॉक्टर संजय महर ने किया।

# बच्चों के बीच पहुंच कर मनाई होली

संवाददाता

देहरादून। तेजस्विनी चौरिटेबल ट्रस्ट की ओर से अडॉप्ट किए गए 18 जरूरतमंद बच्चों के साथ होली मनाई गई। इस मौके पर तेजस्विनी चौरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक उनके साथ मौजूद रहे।



गौरतलब है कि तेजस्विनी चौरिटेबल ट्रस्ट की ओर से एक प्रशिक्षण केंद्र चलाया जाता है जहां पर 18 बच्चे जो की भिक्षावृत्ति में संलिप्त थे को रेस्क्यू कर के उनको निशुल्क शिक्षा वी खाना दिया जा रहा है वही दो लड़कियों को मुफ्त में सिलाई सिखाई जा रही है होली के मौके पर तेजस्विनी चौरिटेबल ट्रस्ट की संरक्षक एडवोकेट अंजना साहनी, मधु मरवा, स्वाति उनियाल सहित तेजस्विनी बिजनेस एसोसिएशन की देहरादून चौप्टर हेड त्रिशला मलिक एवं तेजस्विनी ग्रुप की फाउंडर प्रिया गुलाटी ने बच्चों के बीच पहुंचकर उनका पिचकारी गुब्बारे वह रंग वितरित किए, साथ ही उनके साथ होली मनाई। इस मौके पर सभी की एक राय थी कि खुशियां बांटने से बढ़ती है और इन बच्चों के बीच आ कर सभी को बहुत अच्छा लगा।

# पुलिस ने होम स्टे में हुई चोरी का किया खुलासा, एक गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने होम स्टे में चोरी का खुलासा करते हुए एक को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 अक्टूबर 2023 को दीपक सिंह रावत निवासी होम स्टे भानियावाला दुर्गा चौक डोईवाला देहरादून द्वारा थाना डोईवाला पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि एक व्यक्ति द्वारा उनके होम स्टे मे 04 कमरे किराये पर लिये गये तथा रात्रि मे उक्त व्यक्ति द्वारा 04 एलईडी टीवी चोरी कर लिये गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। घटना के खुलासे हेतु एसएसपी देहरादून के निर्देशों पर प्रभारी निरीक्षक डोईवाला द्वारा पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरो का अवलोकन कर उच्चास्तरीय सुरागरसी-पतारसी करते हुए प्राप्त जानकारी के आधार पर गत दिवस सपेरा बस्ती भानियावाला, डोईवाला से मौहम्मद दिलशाद शाह को चोरी से सम्बन्धित 02 एलईडी टीवी के साथ गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया गया। आरोपी बेहद शातिर किस्म का अपराधी है, जो घटना को अंजाम देने के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था तथा पुलिस से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। डोईवाला पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयासरत थी, पुलिस टीम द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी व तलाश हेतु उच्च-स्तरीय सुरागरसी-पतारसी व निजि सूचना तन्त्र को सक्रिय करते हुए अथक प्रयासो के फलस्वरूप आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का खुलासा किया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## धनुष, नागार्जुन, शेखर कम्मुला के डीएनएस शीर्षक से उठा पर्दा

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक शेखर कम्मुला भारतीय सिनेमा के दो बड़े सितारों- राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता धनुष और किंग नागार्जुन अक्किनेनी के साथ अपना महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट डीएनएस बना रहे हैं। महा शिवरात्रि के शुभ अवसर पर, निर्माताओं ने फिल्म के शीर्षक का अनावरण किया और फर्स्ट लुक पोस्टर भी जारी किया। फिल्म का नाम कुबेर है जो सबसे अमीर देवता का नाम है।

धनुष का फर्स्ट लुक टाइटल से काफी अलग है। पृष्ठभूमि में भगवान शिव को देवी अन्नपूर्णा से भिक्षा लेते हुए दिखाया गया है, जबकि हम धनुष को छवि के सामने खड़े हुए देखते हैं, एक बहुत ही गंदे अवतार में और फटे कपड़ों के साथ। मोशन पोस्टर रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद के धमाकेदार स्कोर के साथ आध्यात्मिक भावनाओं से भरपूर है।

शेखर कम्मुला ने हमें फर्स्ट लुक पोस्टर से आकर्षित किया है, जो शीर्षक के विपरीत धनुष के चरित्र को प्रस्तुत करता है। इससे फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ती है और धनुष इसमें किस तरह की भूमिका निभा रहे हैं। फैंस नागार्जुन के किरदार के बारे में भी जानने के लिए उत्सुक हैं। लेकिन, फिल्म में नागार्जुन के किरदार पर अपडेट के लिए उन्हें कुछ और समय इंतजार करना होगा।

फिल्म में प्रमुख महिला के रूप में रश्मिका मंदाना भी हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीतकार रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद ने संगीत दिया है, जबकि निकेथ बोम्मी सिनेमैटोग्राफी संभालते हैं। रामकृष्ण सब्बानी और मोनिका निगोत्रे प्रोडक्शन डिजाइनर हैं। सुनील नारंग और पुस्कुर राम मोहन राव, एमिगोस क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से, अपने बैनर श्री वेंकटेश्वर सिनेमाज एलएलपी (ए यूनिट ऑफ एशियन ग्रुप) के तहत फिल्म का निर्माण कर रहे हैं।

## अजय देवगन की फिल्म मैदान का गाना मिर्जा जारी, 11 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म

अजय देवगन आजकल अपनी हालिया रिलीज फिल्म शैतान को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर खूब नोट छाप रही है।दर्शक अजय की आगामी फिल्म मैदान का भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिसका ट्रेलर 7 मार्च को रिलीज किया गया था।अब अजय ने मैदान का पहला गाना मिर्जा जारी कर दिया है, जिसे ऋचा शर्मा और जावेद अली ने मिलकर गाया है।इस गाने के बोले मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं।

मैदान 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके निर्देशन की कमान अमित शर्मा ने संभाली है तो वहीं बोनी कपूर इस फिल्म के निर्माता हैं।फिल्म की कहानी अमन राय और अतुल शाही ने लिखी है।मैदान की कहानी फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम पर आधारित है, जिनके मार्गदर्शन में भारतीय फुटबॉल टीम ने 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में जीत हासिल की थी। इस दौर को भारतीय फुटबॉल का स्वर्ण युग कहा जाता है।

फिल्म मैदान अजय देवगन के लिए बेहद खास है। बॉलीवुड डायरेक्टर अमित शर्मा हैं, जो इससे पहले आयुष्मान खुराना की बधाई हो और अर्जुन कपूर की तेवर जैसी फिल्में बना चुके हैं। इस बार अमित ने स्पोर्ट्स ड्रामा पर दांव खेला है।

इस फिल्म में अजय देवगन पूर्व भारतीय फुटबॉलर और कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका में नजर आने वाले हैं। उनके साथ इस फिल्म में जवान फेम एक्ट्रेस प्रियामणि भी लीड रोल में दिखाई देंगी। कुल मिलाकर कहा जाए तो मैदान का ये ट्रेलर काफी शानदार है।

## बॉक्स ऑफिस पर अदा शर्मा की बस्तर की कमाई में मामूली बढ़त

फिल्म द केरल स्टोरी की अपार सफलता के बाद दर्शकों के नजरें अदा शर्मा की अगली फिल्म बस्तर- द नक्सल स्टोरी पर टिकी हुई थीं, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।टिकट खिड़?ी पर बस्तर दर्शकों के लिए तरसती नजर आ रही है। फिल्म की कमाई शुरुआत से लाखों में सिमटी हुई है।अब बस्तर की कमाई के तीसरे दिन का आंकड़े सामने आ चुके हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, बस्तर ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन यानी रविवार को ९० लाख रुपये का कारोबार है।फिल्म ने महज ४० लाख रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी। दूसरे दिन फिल्म ने रफ्तार पकड़ी और इसने 75 लाख रुपये कमाए।इसी के साथ अब बस्तर का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 2.०5 करोड़ रुपये हो गया है।बॉक्स ऑफिस पर बस्तर का मुकाबला योद्धा और शैतान से हो रहा है।

बस्तर में अदा ने आईपीएस अफसर नीरजा माधवन का किरदार निभाया है, जो बस्तर में फैले नक्सलवाद को हर हाल में खत्म करने की जिम्मेदारी उठाती है।फिल्म में इंदिरा तिवारी और विजय कृष्ण जैसे दिग्गज सितारे भी हैं।फिल्म का निर्देशन सुदिप्तो सेन ने किया है। विपुल शाह फिल्म के हैं। बस्तर के लिए फिर से द केरल स्टोरी की टीम साथ आई है।सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद बस्तर ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दस्तक दे सकती है।

# क्या होता है फाइबर ?

प्रोटीन, विटामिन, मिनरल, कोलोस्ट्रोल, फैट, फाइबर यह संतुलित नहीं तो आप 100% बीमार हैं या बीमार हो चुके हैं या बीमार होने वाले हैं? फाइबर का खाने में क्या महत्व है, इस पर हम आमतौर पर ध्यान नहीं देते, जबकि यह हमारे लिए बेहद जरूरी है। यह हमारे पाचन तंत्र को तो दुरुस्त रखता ही है, हमें अनेक बीमारियों से भी बचाता है।

भोजन पौष्टिक हो यह तो जरूरी है ही, वह फाइबर से युक्त हो, यह भी बहुत जरूरी है। इससे हमारा पाचन तंत्र ठीक रहता है और शरीर भी ठीक तरह से काम करता है। फाइबर हम सभी के लिए जरूरी है। इसकी मात्रा उम्र पर निर्भर करती है। 50 साल तक की उम्र की महिलाओं के लिए रोजाना लगभग 25 ग्राम और इसी उम्र के पुरुषों के लिए 38 ग्राम फाइबर की जरूरत होती है। 50 साल से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं के लिए लगभग 21 ग्राम और पुरुषों के लिए 30 ग्राम फाइबर की आवश्यकता होती है। यह जरूरत उम्र और लिंग के अनुसार बदलती रहती है।

क्यों जरूरी है फाइबर?

खाने को पचने में सहायता करता है, कब्ज से बचाता है और पेट साफ करने में मदद करता है। शरीर के अंदर दूषित पदार्थों को भोजन से दूर करता है। कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और दिल की बीमारी के खतरे को रोकता है। रक्त में शुगर की मात्रा को नियंत्रित करता है। शरीर का भार नियंत्रित करने में सहायक होता है। खाने की मात्रा बढ़ाता है और बिना कैलोरी बढ़ाए पेट भरता है। आपको अनेक बीमारियों से बचाता है।

हम जानते हैं कि डायबिटीज और कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियां भारत में तेजी से फैल रही हैं। अपना खान-पान ठीक कर हम इनसे काफी हद तक बचाव कर सकते हैं। शरीर की कार्य प्रणाली को सुधारता है।

फाइबर के फायदे : फाइबर खाद्य पदार्थों के छिलकों और उनके रेशों में पाया जाने वाला उपयोगी तत्व है। वास्तव में यह एक न हजम होने वाला खाने का हिस्सा होता है, लेकिन यह हमारे शरीर के लिए बेहद उपयोगी होता है। इसे रफेज के नाम से भी जाना जाता है। यह पाचन क्रिया को बढ़ाता है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी विकसित करता है। फाइबर दो तरह के होते हैं, एक पानी में घुलनशील फाइबर और दूसरा पानी में न घुलने वाला। जो फाइबर पानी में घुल जाते हैं, वे हैं हरी सब्जियां, जड़ वाली सब्जियां, मक्का, गेहूं आदि। इसी तरह सेब, संतरा, ओट्स, बीन्स तथा स्प्राउट्स पानी में न घुलने वाले फाइबर हैं।

फाइबर की कमी से होने वाली बीमारियां : फाइबर की उचित मात्रा न मिल पाने से शरीर मोटापे का शिकार हो जाता है। मुंह में छाले हो जाना आम बात है। कब्ज, गैस, पेट से संबंधित अन्य बीमारियां जैसे अल्सर आदि से जूझना पड़ सकता है। इसके अलावा आंतों का कैंसर, बवासीर, दिल की बीमारियां भी हो सकती हैं।

कमी की पूर्ति कैसे करें : अपने नाश्ते में ओट्स, केला और दलिया शामिल करें। दिन में भूख लगने पर स्नैक्स की जगह फ्रूट्स के स्नैक्स को प्राथमिकता दें। इस तरह रात के खाने में छिलके वाली दालें, सलाद और फलों को चुनें। कच्ची हरी सब्जियों का प्रयोग करें।

साभार: सोशल मीडिया

# क्या सर्दी जुकाम होने पर संतरा खा सकते है क्या ?

क्या वाकई संतरा सर्दी जुकाम में नुकसान करता है। चलिए जानते हैं कि सर्दी जुकाम होने पर संतरा खाना फायदेमंद है या फिर नुकसान। संतरा शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ाने में काफी कारगर माना जाता है और इसके अंदर पाए जाने वाले पोषक तत्व इसे सेहत का खजाना बनाते हैं। लेकिन जब खांसी जुकाम होता है तो घर के बड़े बुजुर्ग संतरा खाने से मना कर देते हैं,ये कहकर कि ये ठंडा है और नुकसान करेगा। क्या वाकई संतरा सर्दी जुकाम में नुकसान करता है। चलिए जानते हैं कि सर्दी जुकाम होने पर संतरा खाना फायदेमंद है या फिर नुकसान। आपको बता दें कि संतरा विटामिन सी से भरपूर ऐसा फल है जो एंटी ऑक्सिडेंट्स से भरपूर है और इसमें ढेर सारे न्यूट्रिएंट्स पाए जाते हैं। संतरे में विटामिन सी के साथ साथ प्रोटीन, कार्ब्स ,फैट, पानी, फाइबर,पोटैशियम, आयरन, कॉपर, सोडियम, मैग्नीशियम और फॉस्फोरस पाए जाते हैं। संतरे में पाया जाने वाला विटामिन सी एस्कॉर्बिक एसिड कहलाता है जिससे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है।

हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि सर्दी जुकाम होने पर संतरा नहीं खाना चाहिए। दरअसल संतरा सिट्रिक फल है, इसमें काफी खटास होती है और अगर इसे सर्दी जुकाम में खाया जाए तो गले और छाती में कफ जमने की समस्या हो सकती है। संतरा पेट में जाकर हिस्टारिन की मात्रा बढ़ा देता है जिससे गले में कफ और संक्रमण हो सकता है। इसलिए सर्दी जुकाम होने पर संतरा ना खाने की सलाह दी जाती है।

अगर आप सर्दी जुकाम में फल खाना चाहते हैं तो संतरे की जगह आप पपीते का सेवन कर सकते हैं। ये विटामिन सी से भरपूर है और इससे प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। (आरएनएस)

# अच्छे स्वास्थ्य के लिए जरूरी है अष्टवक्रासन!






अष्टवक्रासन तीन शब्दों (अष्ट, वक्र और आसन) के मेल से बना है। इसमें अष्ट का मतलब आठ, वक्र का अर्थ टेढ़ा और आसन का मतलब मुद्रा है। इस आसन का अभ्यास करते समय शरीर आठ जगह से मोड़ा जाता है। अगर आप रोजाना इस आसन का अभ्यास अपनी क्षमतानुसार करते हैं तो इससे आपको कई तरह के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं। आइए आज हम आपको इस आसन से जुड़ी कछ महत्वपूर्ण बातें बताते हैं।

सबसे पहले योगा मैट पर दंडासन की मद्रा में बैठें और फिर दाएं पैर को घुटने से मोड़कर पीठ के पीछे से दाएं कंधे के पास लाएं। अब अपने बाएं पैर के तलवे को दाएं पैर के तलवे से क्रॉस करके बांधे। इस दौरान दोनों हथेलियां जमीन पर हो। इसके बाद शरीर को धीरे-धीरे आगे की ओर झुकाएं और पैरों को दाईं ओर फैला लें। फिर अपने शरीर को हवा में उठाएं और कुछ सेकेंड बाद धीरे-धीरे आसन छोड़ दें।

इस आसन का अभ्यास थोड़ा कठिन है, इसलिए इसका अभ्यास धीरे-धीरे करें। अगर किसी की कोहनी, पीठ, घुटने, रीढ़ की हड्डी या फिर कंधे में चोट लगी है या शरीर के अन्य किसी अंग में दर्द की समस्या है तो वह इस योगासन का अभ्यास न करे। इस आसन के अभ्यास के दौरान अपनी शारीरिक क्षमता से अधिक जोर न लगाएं क्योंकि इससे चोट लगने की संभावना बढ़ सकती है। यह आसन पीठ, पैरों और हाथों की मांसपेशियों को मजबूती प्रदान करता है। इस आसन से शरीर का लचीलापन और संतुलन शक्ति भी बढ़ती है। इस योगासन से पाचन तंत्र की कार्यक्षमता को बढ़ाने में काफी मदद मिलती है। इस आसन का किडनी पर भी सकारात्मक असर पड़ता है। यह आसन महिलाओं को पीरियड्स के दौरान होने वाली समस्याओं से भी राहत दिला सकता है। इस आसन से दिमाग शांत रहता है।

# बच्चों में है ज्यादा मीठा खाने की आदत, तो तुरंत अपना लें ये खास टिप्स

मीठा खाना हर किसी को पसंद होता है। चाहे वह मिठाई हो, चॉकलेट हो या फिर कोई भी मीठा व्यंजन। लेकिन जरूरत से ज्यादा मीठा खाना सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। बात करें छोटे बच्चों की तो उनमें मीठा खाने की लत लग जाती है, जिससे कई सारी बीमारियों का खतरा होता है। मां-बाप चाहे कितनी भी कोशिश कर ले लेकिन बच्चा मीठा खाएं बिना रहता नहीं है। ऐसे में कई माता-पिता परेशान रहते हैं। आप भी बच्चों के मीठा खाने से परेशान है, तो यह खबर आपके लिए है।



ज्यादा मीठा सेहत के लिए खतरनाक

मीठे का नाम सुनते ही हमारे मुंह में पानी आने लगता है। लेकिन ज्यादा मीठा खाना हमारी सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है। छोटे बच्चे अधिक मात्रा में मीठा खाते हैं, जिससे उनका वजन बढ़ने लगता है और कम उम्र में ही उन्हें बीमारियों का सामना भी करना पड़ सकता है। यही नहीं ज्यादा मीठा खाने से भविष्य में डायबिटीज जैसी बीमारी होने का खतरा बना रहता है। बच्चे जब जरूरत से ज्यादा चॉकलेट, टॉफी या मिठाई खा लेते हैं, तो उनके दांत सड़ने लग जाते हैं, जिससे धीरे-धीरे बच्चा बीमार होने लगता है। इसलिए मीठे का सेवन करते समय सावधानी बरतनी चाहिए।

मीठा खाने की लत आसानी से नहीं छूटती, इसके लिए धीरे-धीरे शुरुआत करनी पड़ेगी। छोटे बच्चों को मीठा खाने की इच्छा होने पर आप उन्हें दही, फल या जूस का सेवन करा सकते हैं, ऐसा करने से उनका पेट भरा हुआ रहेगा साथ ही बच्चों की मीठा खाने की इच्छा भी कम हो जाएगी। कभी-कभी हम भावनाओं में आ कर बच्चों को चॉकलेट दे देते हैं, लेकिन ऐसा करना बेहद गलत है। इसलिए कोशिश करें कि अपनी भावनाओं को समझें और मीठे पर कंट्रोल करें। इसके अलावा आप अपने घर में मौजूद जितने भी मीठे पदार्थ हो, उन्हें किसी को दे दें। इससे मीठे व्यंजन नजर में नहीं आएंगे और बच्चे जिद भी नहीं करेंगे। इन सरल उपाय को कर आप धीरे-धीरे मीठे पर कंट्रोल कर सकते हैं। (आरएनएस)

# रोजाना मेकअप करना सही या गलत? क्या इससे स्किन पर पड़ता है असर?

मेकअप करना महिलाओं की पहली पसंद होता है। जो उनकी सुंदरता को निखारता है। लेकिन क्या आप जानते हैं रोजाना मेकअप करने से हमारी स्किन पर किस प्रकार का असर पड़ता है? अगर नहीं जानते हैं, तो यह खबर आपके लिए है। लंबे समय तक त्वचा पर मेकअप लगाएं रखना स्किन पर प्रभाव डालता है। इस आर्टिकल में हम बताएंगे किस तरह मेकअप स्किन के लिए खतरनाक हो सकता है।

स्किन पर पड़ता है सकारात्मक प्रभाव

स्वाभाविक है कि मेकअप करने से महिलाओं की सुंदरता बढ़ जाती है। लेकिन यही मेकअप कब आपकी स्किन डैमेज कर देता है, आपको पता भी नहीं चलता है। आजकल इस फैशन के दौर में छोटी-छोटी लड़कियां भी रोजाना मेकअप करती है, कम उम्र में रोजाना मेकअप भविष्य में स्किन खऱाब कर सकता है। रोजाना मेकअप करने के कई सारे नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। इसके प्रयोग से त्वचा पर नुकसान हो सकता है और कई स्किन से संबंधित समस्याएं हो सकती है।

रोजाना मेकअप करना अब महिलाओं की आदत बन गया है। मेकअप लगाने से त्वचा के पोर्स बंद हो जाते हैं, जिससे स्किन सेल डैमेज होने लगते हैं। यही नहीं फेस पर मुंहासे, पिंपल्स और एलर्जी जैसी समस्याएं होने लगती है, जिससे पूरा फेस लाल होने लगता है। रोजाना मेकअप त्वचा को सांस लेने में दिक्कत दे सकता है। इसके अलावा इससे स्किन का रंग फीका होने लगता है। बाजार में मिलने वाले कुछ मेकअप में केमिकल होने की वजह से स्किन से संबंधित समस्याएं होने लगती है।

अपनाएं ये टिप्स

रोजाना मेकअप करने के बदले आप कभी-कभी मेकअप करें। भारी मेकअप के बदले आप हल्का मेकअप करें, जिससे त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचेगा। मेकअप हटाने के लिए मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करें। अगर आप रोजाना मेकअप करती हैं, तो सोने से पहले पूरा फेस साफ करके सोए।(आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# हेल्दी समझकर क्या आप भी एयर फ्रायर में पकाते हैं खाना...!




आजकल खाना पकाने के लिए जीरो-ऑयल कूकिंग और कम तेल का इस्तेमाल काफी हो रहा है। इसमें एयर फ्रायर में खाना पकाया जा रहा है। फिटनेस फ्रीक लोग एयर फ्रायर को काफी पसंद करते हैं। हालांकि, सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या एयर फ्रायर में पकाया गया खाना साधारण तरीके से तेल में तलकर बनाए गए खाने से अच्छा होता है। क्या इसे खाना ज्यादा हेल्दी होता है। आइए जानते हैं हेयर फ्रायर में पकाए गए खाने के फायदे और नुकसान।

एयर फ्रायर में खाना पकाने के फायदे

एयर फ्रायर में बहुत कम तेल में खाना पकाया जाता है। इसका इस्तेमाल भी काफी आसान होता है। इससे समय की बचत भी होती है। ऐसे लोग जो कोलेस्ट्रॉल, मोटापा और ब्लड प्रेशर बढ़ने के डर से तली हुई चीजें नहीं खा पाते हैं, वे एयर फ्रायर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें आलू टिक्की, समोसा जैसी चीजें बनाकर खा सकते हैं। हालांकि, यह कितना सही इसके लिए एक्सपर्ट्स से सलाह ले लेनी चाहिए।

एयर फ्रायर को लेकर क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स

डायटिशियन-न्यूट्रिशन एक्सपर्ट रुजुता दिवेकर एयर फ्राइंग, डीप फ्राइंग या पारंपरिक तरीके से तलकर खाना पकाने की तुलना में हेल्दी नहीं है। उनका कहना है कि एयर फ्रायर में खाना पका कर ज्यादा खाना गलत है। हालांकि,सही और सीमित मात्रा में तला हुआ या डीप फ्राइड खाना नुकसानदायक नहीं होता है।

एक बार में आधा समोसा या 6-8 पकौड़े खाने से कोई नुकसान नहीं है। इससे ज्यादा डीप फ्राइड खाना नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए सेहत और खानपान का खास ख्याल रखना चाहिए।

एयर फ्राइंग कूकिंग से क्या नुकसान

1. ज्यादा आंच पर खाना पकाने से एयर फ्रायर में रखे फूड्स के न्यूट्रिएंट्स गायब हो सकते हैं।

2. स्टार्च वाले फूड्स चावल, मक्का और कुछ सब्जियां एयर फ्रायर में ज्यादा देर तक पकने से एक्राइलमाइड नाम का कंपाउंड बना सकते हैं, जो कैंसर का खतरा बढ़ा सकता है। (आरएनएस)

# इम्तियाज अली की चमकीला से परिणीति चोपड़ा की पहली झलक आई सामने

इम्तियाज अली मौजूदा वक्त में अपनी आगामी फिल्म चमकीला को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला की बायोपिक होगी।इसमें दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की जोड़ी बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।अब चमकीला का परिणीति की पहली झलक सामने आ चुकी है, जिसमें वह दिलजीत के साथ नजर आ रही हैं।इसके साथ निर्माताओं ने इश्क मिटाये (पहला गाना) के बाद फिल्म का दूसरा गाना नरम कालजा जारी कर दिया है।



नरम कालजा को अलका याग्निक, ऋचा शर्मा, पूजा तिवारी और याशिका सिक्का ने मिलकर गाया है तो वहीं गाने के बोले इरशाद कामिल ने लिखे हैं।

यह गाना महिला दर्शकों के बीच चमकीला की लोकप्रियता का जश्न मनाता है।

महिलाओं के बीच चमकीला की दीवानगी अलग ही स्तर पर थी। गांवों में लाइव संगीत प्रदर्शन के दौरान वह आसपास के घरों की छतों पर झुंड में इकट्ठा हो जाती थी, कभी-कभी तो इतनी ज्यादा संख्या में कि छत भी गिर जाती थी।

चमकीला का प्रीमियर 12 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर होगा।चमकीला को पंजाब के अब तक के सबसे अच्छे लाइव स्टेज परफॉर्मर्स में से एक माना जाता है। वह गांव के दर्शकों के बीच बेहद लोकप्रिय थे।8 मार्च को चमकीला को कार से बाहर निकलते ही गोलियों से छलनी कर दिया गया था।(आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -111


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 110 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | | फा | य | दा | | स |
| प | | ल | ला | ट | | य | ती | म |
| ति | ल | क | | क | न | क | | झ |
| | क्ष्म | | | | रे | | | |
| ग | ण | क | | सं | श | य | | सौ |
| ह | | या | च | क | | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | | र | क्ष | क | | न |
| | त्रि | | | | मि | | | |
| शा | य | री | | का | त | र | | गो |

# अपने राजनीतिक विरोधियों को कड़ी चुनौती देती हैं रानी भारती:हुमा कुरैशी



हाल ही में हिट स्ट्रीमिंग शो महारानी के तीसरे सीजन के लिए काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया पाने वाली एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने शो में अपने किरदार को लेकर खुलकर बात की।

तीसरे सीजन में दिखाया गया है कि पति की हत्या के मामले में फंसाए जाने के बाद जेल में बंद हुमा की मुख्य किरदार रानी भारती कैसे वापसी करती है। बाहर उनके बच्चों पर हुए हमले के बाद वह अपने राजनीतिक विरोधियों को कड़ी चुनौती देती नजर आती हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस ने स्ट्रीमिंग फिल्म मोनिका, ओ माय डार्लिंग में फिल्म निर्माता वासन बाला के साथ अपने पिछले जुड़ाव और महारानी के बारे में आईएएनएस से खुलकर बात की।

शो में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने बताया, रानी भारती एक ऐसा किरदार है जो अपने विरोधियों के लिए बनाई गई योजना अपने तक ही रखती है। वह उन साजिशों से भी वाकिफ है जो उन्हें नीचे गिराने के लिए रची जा रही हैं। लेकिन वह हमेशा अपनी ईमानदारी से समझौता किए बिना उभरकर सामने आती हैं।

इस शो में बिहार की राजनीतिक घटनाओं को काल्पनिक कहानी के तौर पर दिखाया गया है। शो को देखकर आपको राज्य की वह घटना याद आएगी जब राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को अपना उत्तराधिकारी बनाया था।

अपने किरदार को लेकर एक्ट्रेस को लगता है कि उनकी इस कहानी ने महिलाओं को ही नहीं बल्कि पुरुषों को भी प्रभावित किया है।

हुमा ने कहा, शो में उन्हें राजनीतिक ताकत लेने के लिए प्रेरित किया जाता है और वह गरिमा और बुद्धि का प्रयोग कर मैदान में कूद पड़ती हैं, भले ही उनके कई विरोधी एक अशिक्षित महिला होने के कारण उनकी क्षमता को कम आंकते हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि दर्शकों ने इस कहानी का बहुत आनंद लिया।

वासन बाला और मोनिका, ओ माय डार्लिंग पर आगे हुमा ने कहा कि उन्होंने वासन के साथ कल्ट-क्लासिक गैंग्स ऑफ वासेपुर में काम किया है। उस समय, वासन ने लेखक अनुराग कश्यप के साथ उनके सहायक के रूप में काम किया था। दरअसल, वह भूस गाने में तब नजर आते हैं जब मनोज बाजपेयी और जमील खान के किरदार आगजनी कर जेल से भागने की योजना बना रहे होते हैं।



हुमा ने बताया, मोनिका, ओ माई डार्लिंग में मुझे मेरे किरदार मोनिका के लिए लोगों से बहुत प्यार मिला। मुझे लगता है कि दर्शक मेरे बारे में जो पसंद करते हैं वह यह है कि मैं मोनिका और महारानी दोनों का किरदार आसानी से निभा सकती हूं। मैं वासन को गैंग्स ऑफ वासेपुर के समय से जानती हूं और मैं आगे भी उनके साथ काम करने की उम्मीद करती हूं। उनका कहानी कहने का तरीका बहुत अनोखा और अलग है।

महारानी में अपने किरदार और अन्य लोगों के बीच संबंधों और गतिशीलता के बारे में हुमा ने कहा, कुछ किरदार ऐसे है जो अच्छे हैं और कुछ के इरादे बुरे हैं। हर कोई चीजों को अपने पक्ष में करने की कोशिश कर रहा है। यह एक काल्पनिक शो है जो राजनीति के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों को दिखाता है। यह शो सोनी लिव पर प्रसारित हो रहा है।



# शादी के बाद बोल्ड हुई रकुल प्रीत सिंह!

बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा रकुल प्रीत सिंह हाल ही में एक्टर व फिल्म निर्माता जैकी भगनानी के साथ शादी के बंधन में बंधी हैं। साथ ही उन्होंने शादी के बाद भी सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर करने का सिलसिला जारी रखा है। रकुल प्रीत सिंह ने इंस्टाग्राम पर बेहद सेक्सी तस्वीरें शेयर की हैं। रकुल प्रीत ने रेड कलर का सिजलिंग आउटफिट पहना है, ग्लोइंग मेकअप के साथ बालों को खास अंदाज में बांधा हुआ है और कैमरे के सामने एक से बढकर एक किलर पोज दे रही हैं। मेकअप में वह पूरी तरह ग्लैमरस दिखीं।

उन्होंने अपने बालों को पोनीटेल में स्टाइल किया। पोस्ट को लाल मिर्च वाले इमोजी के साथ पोस्ट किया गया। एक्ट्रेस की ये हॉट तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. डॉक्टर जी में अपने काम के लिए मशहूर रकुल के फोटो शेयरिंग ऐप पर 23.7 मिलियन फॉलोअर्स हैं और एक बड़ी फैन-फॉलोइंग को उनका यह लुक पसंद आया।

रकुल 21 फरवरी को गोवा में अभिनेता-निर्माता जैकी भगनानी के साथ शादी के बंधन में बंधी थी। इस जोड़े की शादी सिख परंपरा में आनंद कारज, और सिंधी तरीके से पूरी हुईइस बीच उनके पास मेरी पत्नी का रीमेक और इंडियन 2 पाइपलाइन में है।

साथ ही फैंस उनकी हॉटनेस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

# योद्धा और बस्तर: द नक्सल के आगे भी शैतान का दबदबा बरकरार

'शैतान' सिनेमाघरों में खूब धमाल मचा रही है. फिल्म को दर्शकों से शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है और इसी के साथ ये खूब कमाई भी कर रही है. अजय देवगन और आर माधवन की ये हॉरर थ्रिलर दर्शकों की भीड़ खींचने में कामयाब हो रही है. 'शैतान' के ट्रेलर रिलीज के बाद से इस फिल्म को लेकर ऑडियंस में जबरदस्त एक्साइटमेंट थी और इसके थिएटर्स में दस्तक देने के बाद इसने गर्दा उड़ा दिया. ये फिल्म अपने बजट से ज्यादा कमाई कर चुकी है. चलिए यहां जानते हैं 'शैतान' ने रिलीज के आठवें दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया है

विकास बहल की लेटेस्टट डायरेक्शनल 'शैतान' ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत बनाई हुई है. इस सुपरनैचुरल थ्रिलर को रिलीज हुए अब एक हफ्ता हो चुका है और इसने देश और दुनिया में धुआंधार कलेक्शन कर लिया है।

'शैतान' का डंका घरेलू बाजार में ही नहीं वर्ल्डवाइड भी खूब बज रहा है. इस हॉरर थ्रिलर फिल्म का क्रेज पूरी दुनिया पर छाया हुआ है. फिल्म की वर्ल्डवाइड कमाई की बात करें तो 'शैतान' ने रिलीज के एक हफ्ते में 117.47 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है और अब ये 12० करोड़ का आंकड़ा छूने से इंचभर दूर है. इसी के साथ 'शैतान' हॉरर जॉनर की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है।

घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की कमाई की बात करें बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक 'शैतान' के आठ दिनों की कुल कमाई अब 84.25 करोड़ रुपये हो गई है।

'शैतान' ने एक हफ्ते से बॉक्स ऑफिस को अपने वश में किया हुआ है और इसी के साथ ये फिल्म तूफानी कमाई भी कर रही है. हालांकि अब इस फिलम के लिए मुश्किल भरे हालात हो सकते हैं. दरअसल सिनेमाघरों में सिद्धार्थ मल्होत्रा की प्लेन हाईजैक्ड पर बेस्ड फिल्म 'योद्धा' और अदा शर्मा की 'बस्तरः द नक्सल ' भी रिलीज हो चुकी है.देखने वाली बात होगी कि 'शैतान' इन नई रिलीज फिल्मों पर अपना काला जादू चला पाती है या नहीं।(आरएनएस)

# बड़े मियां छोटे मियां का गाना वल्लाह हबीबी जारी, मानुषी और अलाया ने रेत में बिखेरा जलवा



बॉलीवुड खिलाड़ी यानी एक्टर अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' को लेकर सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ एक्टर टाइगर श्रॉफ भी नजर आएंगे। यह फिल्म इस साल अप्रैल में रिलीज होगी। इस फिल्म में पहली बार बड़े पर्दे पर अक्षय और टाइगर की जोड़ी धमाल मचाती नजर आएगी। इस फिल्म को लेकर अब तक कई अपडेट्स सामने आ चुके हैं। अब इसी बीच इस फिल्म से नया गाना सामने आया है।

आपको बता दें कि अली अब्बास जफर के डायरेक्शन में बनी 'बड़े मियां छोटे मियां' अगले महीने रिलीज हो रही है। इस फिल्म के रिलीज होने का फैंस इंतजार कर रहें हैं। अब इसी बीच इस फिल्म का नया गाना 'वल्लाह हबीबी' रिलीज हो गया है, जिसमें अक्षय और टाइगर के साथ मानुषी छिल्लर और अलाया एफ रोमांस करती नजर आ रहीं हैं।

इस गाने से एक्टर अक्षय कुमार के मुंह पर कपड़ा बांधते हुए एंट्री लेने का स्टाइल फैंस को काफी पसंद आया है। वहीं, टाइगर ने हमेशा की तरह अपने डांस के चार्म से लोगों को एंटरटेन किया है। रेत पर अपने हुस्न का जलवा दिखाते हुए मानुषी और अलाया एफ ने भी लाइमलाइट लूटी है। बता दें कि 'वल्लाह हबीबी' गाने को विशाल ददलानी, विशाल मिश्रा और दीपाक्षी कलिता ने गाया है। लिरिक्स इरशाद कामिल ने लिखे हैं और म्यूजिक कंपोजर विशाल मिश्रा हैं। ये मूवी इस ईद 1० अप्रैल 2०24 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। (आरएनएस)

# इजराइल ने अपना कमाया सब गंवाया!

श्रुति व्यास

कौन सोच सकता था कि इजरायली इतने बेरहम, इतने ज़ालिम हो सकते हैं? और ऐसा मैं भावनाओं में बहकर नहीं कह रही हूं। एक वक्त के इजराइल के मसीहा बेंजामिन नेतन्याहू ने जब से हमास के खिलाफ युद्ध छेड़ा है (जो दरअसल गाजा निवासियों और फिलिस्तीनियों का कत्लेआम है) तबसे इजराइल एक अपराधी, और नेतन्याहू एक हत्यारा लगने लगे हैं। और यद्यपि यह दुर्भाग्यपूर्ण है, मगर नेतन्याहू के कारण सभी यहूदी खराब लगते लगे हैं।

युद्ध शुरू हुए छह महीने गुजर चुके हैं। क्रिसमस के बाद अब रमजान आ गया है। और तब से लेकर अब तक कत्लेआम जारी है। गाजा पर मौत की काली छाया मंडरा रही है। बच्चे भुखमरी का शिकार हो रहे हैं, महिलाओं का खून बहाया जा रहा है और ब्रेड के एक टुकड़े के लिए भाई, भाई की हत्या कर रहा है। युद्धविराम प्रेस और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा पश्चिम की आलोचना से बचने के लिए रचा गया एक भ्रमजाल बनकर रह गया है - जैसे बच्चे का ध्यान हटाने के लिए लालीपाप।

सीएनएन के हाल के एक वीडियो में इजराइलियों के एक समूह - जिसे चैनल ने क्रुद्ध बताया है मगर असल में जो क्रूर हैं - गाजा में खाद्यान्न एवं अन्य सहायता सामग्री ले जाने वाले ट्रकों को रोकने की कोशिश करते हुए दिखाया गया। वे पुलिस की नाकाबंदी के आगे गाजा भेजी जाने वाली राहत सामग्री को रोकने के लिए अपनी नाकाबंदी कर रहे थे।

इन विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व तसाव-9 नामक एक संगठन कर रहा है जो पूर्व रिजर्व सैनिकों, अपहृत लोगों के परिवारजनों और फिलिस्तीन में बसाए गए लोगों का समूह है। शिशुओं को अपने शरीरों से बांधे युवा पुरूष और महिलाएं, और उनके पीछे-पीछे दौड़ते बच्चे, यह मानते हैं कि इन ट्रकों में खाना नहीं बल्कि बंदूक की गोलियां हैं। वे सोचते हैं कि यदि गाजा में लोग भूख से मर रहे हैं तो हमास बंधकों को रिहा क्यों नहीं कर रहा है? इजराइल डेमोक्रेसी इंस्टीटयूट द्वारा करवाई गई एक रायशुमारी से पता चलता है कि दो-तिहाई यहूदी इजरायली, गाजा में मानवीय सहायता पहुँचाने के विरोध को उचित मानते हैं।



यह किसने सोचा था कि इतिहास में एक ऐसा दिन आएगा जब दुनिया यहूदियों की इतनी निर्दयता, इतनी निर्ममता देखेगी। यह भविष्यवाणी किसने की होगी कि एक ऐसा दिन आएगा जब लोग देशों की सीमाओं, नस्ल और जाति की सीमाओं के परे इजराइल और यहूदीवाद के विरोधी हो जाएंगे। आखिर एक करोड़ से भी कम जनसंख्या वाला यह छोटा सा देश, जिसे सारी दुनिया चाहती थी, जो मध्यपूर्व में लोकतंत्र का चमकीला सितारा था, इतना जंगली और पत्थरदिल क्यों हो गया?

इजराइल के प्रति सहानुभूति और करूणाभाव समाप्त होता जा रहा है। सात अक्टूबर को इजराइल की तकलीफ सारी दुनिया सांझा कर रही थी, सारी दुनिया दुखी थी, सबकी आंखों में आंसू थे। लेकिन ये सारे अहसास अब खत्म हो चुके हैं। आंसुओं की जगह तिरस्कार भाव ने ली है। मानव समुदाय विभाजित हो गया है। देशों और लोगों में विनाशकारी और क्रूर किस्म के जूनून का एक विस्फोट सा हुआ है।

पशुओं की दुनिया इससे ज्यादा रहमदिल होती है। पर हाय री मानव 'सभ्यता'।मनुष्य खून का प्यासा हो गया है। आंख के बदले आंख। सात अक्टूबर को इजराइल में बच्चों की हत्याओं का बदला गाजा में अभी भी नरसंहार और बच्चों की हत्याएं करके लिया जा रहा है। खून का बदला खून। किसी को युद्धविराम की दरकार नहीं है। युद्ध से सत्ता कायम रहती है। दया-करूणा की भावनाएं विकृति होती हैं। और झूठ ही सच होता है। हमास दुनिया को इजराइल का, यहूदियों का क्रूर चेहरा दिखाना चाहता है। वे गाजा के कोने-कोने में खून बहाना चाहते हैं। वे वृद्धों की मौत चाहते हैं और नहीं चाहते कि युवा जिएं।

इजराइल भी एक आतंकवादी की तरह पेश आ रहा है, अपना भयावह चेहरा दिखाना चाहता है, अपनी शक्ति और पराक्रम का प्रदर्शन करना चाहता है। वह इस सच्चाई को स्वीकार करने को तैयार नहीं है कि लड़ाई के जरिए जितने बंधक रिहा हुए हैं उससे बहुत ज्यादा कूटनीति के जरिए मुक्त हुए हैं। बल्कि इजराइली सरकार के अधिकारी बयानबाजी कर रहे हैं कि वे रफा पर हमले की तैयारी कर रहे हैं।

यह हमला पवित्र रमजान के दौरान कभी भी हो सकता है। रफा को इजरायली सेना ने 'सुरक्षित क्षेत्र' घोषित किया था, जिसके नतीजे में गाजा के अन्य हिस्से छोडने् वाले 15 लाख से अधिक लोग यहां ठुंसे हुए हैं। रफा का क्षेत्रफल लगभग 63 वर्ग किलोमीटर है। वहां जनसंख्या का घनत्व अब 22,2०० व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर हो गया है। खबरों में दावा किया गया है कि यदि इजराइल रफा पर हमला करता है तो वहां का मानवीय संकट, तुरंत मानवीय त्रासदी में तब्दील हो जाएगा।

राबर्ट डी कपलन ने 2००3 में लिखा था 卐कोई सभ्यता जितनी विकसित होती जाती है, वह उतनी ही दिमाग से संचालित होने लगती है और उतनी ही लीक पर चलने वाली बनती जाती है। उसके नतीजे में उसकी दबी हुई हताशाएं उतनी ही बढ़ती जाती हैं और वह उतनी ही भयानक हिंसा भड?ाती है।卐

आज छह माह बाद, क्रिसमस से लेकर रमजान तक, इजराइल द्वारा ढाए जा रहे जुल्मों और हमास की निर्दयता से यह एक बार फिर यह साफ होता है - जैसा कि इतिहास भी हमें बताता है - कि इंसान एक दूसरे से नफरत करने में उल्लास का, परम आनंद का अनुभव करता है। पशुओं की दुनिया ज्यादा रहमदिल होती है। मानव सभ्यता जाए भाड़ में।

## सू- दोकू क्र. 111

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.110 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# मैराथन चुनाव कार्यक्रम

चुनाव कार्यक्रम को देखकर अगर मैराथन दौड़ की याद आती हो, यह कहा जाएगा कि इसमें अंत तक टिके रहने के लिए आर्थिक संसाधन, टिकाऊ चुनाव मशीनरी और अपने चुनावी नैरेटिव को आकर्षक बनाए रखने की क्षमता पूर्व शर्त बन जाती हैं।

लोकसभा के आम चुनाव के कार्यक्रम की खबर एक विदेशी अखबार ने इस शीर्षक के साथ प्रकाशित की है- भारत में मैराथन चुनाव कार्यक्रम का एलान। एथलेटिक्स की दुनिया में कहा जाता है कि मैराथन दौड़ में शामिल होने के लिए शारीरिक बल, अंतर्शक्ति, टिकाऊ ऊर्जा एवं गहरे धीरज की जरूरत होती है। जिन धावकों में ये गुण ना हों, वे 42.195 किलोमीटर की इस प्रतिस्पर्धा में सफल नहीं हो सकते। भारत के चुनाव कार्यक्रम को देखकर अगर इस दौड़ की याद आती हो, यह भी सहज ही कहा जाएगा कि इसमें अंत तक टिके रहने के लिए कई खास पहलू अनिवार्य हो जाते हैं।

आर्थिक संसाधन, लंबे समय तक सक्रिय रह सकने वाली चुनाव मशीनरी और अपने चुनावी नैरेटिव को आकर्षक बनाए रखने की क्षमता इनमें शामिल हैं। चुनावी चंदे और प्रचार तंत्र की वर्तमान स्थिति देखें, तो कहा जाएगा कि इन तकाजों को पूरा करना विपक्षी दलों के लिए एक कठिन चुनौती है। वैसे तो सात चरणों में लोकसभा का चुनाव होना अब नई बात नहीं रही, लेकिन इस बार एक खास पहलू यह है कि अनेक बड़े राज्यों में भी चुनाव को सात चरणों तक खींच दिया गया है।

इससे यह कहने की स्थिति बनती है कि मैच शुरू होने के पहले ही पिच सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के अनुकूल हो गई है। चूंकि उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में सातों चरणों में वोट डाले जाएंगे, इसलिए वहां हर मतदान के दिन करीब के चुनाव क्षेत्रों में प्रचार करने की गुंजाइश बनी रहेगी। वर्तमान रुझान यह है कि प्रधानमंत्री के भाषणों का टीवी चैनल सीधा प्रसारण करते हैं।

इस तरह मतदान के समय भी उनका संदेश मतदाताओं तक पहुंचता रहेगा। मतलब यह कि ऐसे चुनाव कार्यक्रम के कारण प्रचार संबंधी आदर्श चुनाव आचार संहिता बेमायने हो गई है। फिर मतदान के बाद 4० दिन तक वोटिंग मशीनों की विश्वसनीय ढंग से रक्षा और सुरक्षा की कठिन चुनौती बनी रहेगी। जिस समय चुनाव प्रक्रिया को लेकर कई तरह के संदेह वातावरण में हैं, कहा जा सकता है कि ऐसे चुनाव कार्यक्रम से उन्हें दूर करने में कोई मदद नहीं मिलने वाली है। (आरएनएस)




# शैतान ने ली 100 करोड़ क्लब में एंट्री

शैतान का बॉक्स ऑफिस पर दबदबा अब भी कायम है. रिलीज के 1० दिनों बाद भी अजय देवगन और आर माधवन स्टारर फिल्म थिएटर्स में अपना जलवा दिखा रही है और धांसू कमाई कर रही है. फिल्म का कलेक्शन हाल ही में रिलीज हुई फिल्मों योद्धा और बस्तर द नक्सल स्टोरी को मात दे रही है. फिल्म ना सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर बल्कि दुनिया भर में अच्छा बिजनेस कर रही है.

1० दिनों के कलेक्शन के साश शैतान घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 1०० करोड़ क्लब का हिस्सा बन गई है. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक सेकेंड संडे को फिल्म को बहुत फायदा हुआ है और फिल्म ने अब तक 9.75 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है. इसी के साथ अजय देवगन स्टारर एक्शन-थ्रिलर फिल्म शैतान का टोटल कलेक्शन 1०3.०5 करोड़ रुपए हो गया है.

शैतान ने 1०० करोड़ क्लब में एंट्री लेकर अजय देवगन की कई हिट फिल्मों के लाइफटाइम कलेक्शन को मात दे दी है. फिल्म ने एक्टर की साल 2०11 में रिलीज हुई हिट फिल्म सिंघम का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. सिंघम ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल 1०2.94 करोड़ रुपए का कारोबार किया था. शैतान ने बोल बच्चन को भी शिकस्त दे दी है. बोल बच्चन साल 2०12 में रिलीज हुई थी और पर्दे पर हिट रही थी. फिल्म का लाइफटाइम कलेक्शन 1०2.94 करोड़ रुपए रहा था.

इसके अलावा अजय देवगन की शैतान ने शिवाय को भी पछाड़ दिया है. साल 2०16 में आई इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 1००.33 करोड़ रुपए की कमाई की थी और एवरेज साबित हुई थी.

शैतान ने 1०० करोड़ क्लब में एंट्री लेकर अजय देवगन की कई हिट फिल्मों के लाइफटाइम कलेक्शन को मात दे दी है. फिल्म ने एक्टर की साल 2०11 में रिलीज हुई हिट फिल्म सिंघम का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. सिंघम ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल 1०2.94 करोड़ रुपए का कारोबार किया था. शैतान ने बोल बच्चन को भी शिकस्त दे दी है. बोल बच्चन साल 2०12 में रिलीज हुई थी और पर्दे पर हिट रही थी. फिल्म का लाइफटाइम कलेक्शन 1०2.94 करोड़ रुपए रहा था.

शैतान दुनिया भर में अच्छी कमाई करने में कामयाब रही है. फिल्म बहुत पहले ही वर्ल्डवाइड 1०० करोड़ क्लब में शामिल हो गई थी. वहीं 9 दिनों में फिल्म ने 133 करोड़ का कारोबार किया है.

# प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश ने गढ़े विकास के नये कीर्तिमानः महाराज

संवाददाता

रुद्रप्रयाग। ग्रामीण निर्माण एवं जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश ने विकास के नये कीर्तिमान गढे हैं।

आज यहां वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रदेश के सिंचाई, पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम, मंत्री सतपाल महाराज ने जिला भाजपा मुख्यालय पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रदेश की भाजपा सरकार की दो वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने पिछले दो वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्ग दर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में अभूतपूर्व विकास कार्य किये हैं। पंचायतों के सशक्तिकरण के साथ-साथ नारी शक्ति सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबों के कल्याण, किसानों के उत्थान, युवाओं के कल्याण के अलावा पर्यटन क्षेत्र अनेक महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं प्रदेश में सड़कों का विस्तार होने से कनेक्टिविटी बढी है। पत्रकार वार्ता के पश्चात उन्होंने होली मिलन कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया और सभी को होली की भी शुभकामनाएं दी। पत्रकारों को प्रदेश की भाजपा सरकार की दो वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनावों में उत्तराखंड से एक बार फिर से पावन बेला की शुरुआत होगी और पूरा देश मोदी के विजन को देखते हुए भाजपा के ष्400 पारष् के नारे को सार्थक करते हुए मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में सफल होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने पिछले दो वर्षों में कई ऐतिहासिक काम किये हैं। प्रदेश में धर्मांतरण को रोकने के लिए सख्त कानून बनाया गया है। परीक्षाओं में अनुचित साधनों के उपयोग को रोकने के लिए कानून बनाया गया है। 80 से अधिक नकल माफियाओं को जेल में डाला गया। अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई हुई है। न्ब्ब विधेयक पास किया गया। भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड 1064 ऐप की शुरुआत की गई। दंगाइयों के विरुद्ध कार्यवाही को ट्रिब्यूनल का गठन किया गया। इसके गठन के बाद अब जो भी सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचायेगा उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। वरिष्ठ भाजपा नेता और कैबिनेट मंत्री महाराज ने बताया कि राज्य सरकार ने धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये प्रदेश में विभिन्न धार्मिक सर्किटों का निर्माण किया है। मानसखंड मन्दिर माला मिशन के तहत 48 मन्दिरों का चयन कर प्रथम चरण में 16 मन्दिरों में अवस्थापना विकास कार्य किये जा रहे हैं। सुरक्षित और सुगम चारधाम यात्रा के कुशल प्रबंधन के कारण पिछले वर्ष रिकार्ड श्रद्धालुओं ने चारधाम के दर्शन किये। ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा में 4 करोड़ से भी अधिक श्रद्धालु पवित्र गंगाजल लेने हेतु देवभूमि उत्तराखण्ड पधारे। श्री केदारनाथ धाम पुनर्निर्माण के तहत प्रथम चरण में 225 करोड़ के कार्य किये गये। श्री बदरीनाथ धाम के विकास के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिशा-निर्देशन में श्री बदरीनाथ धाम कोौउंतजौचपतपजनंस भ्पसस ज्वूद के रूप में विकसित करने के लिये 273 करोड़ की धनराशि के कार्य किये जा रहे है। बाईब्रेन्ट विलेज योजना के तहत माणा गांव में 5 परियोजनाओं की स्वीकृति राज्य सरकार को दी गई है।

## मकान का ताला तोड लाखों के जेवरात व नगदी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मकान का ताला तोड वहां से लाखों के जेवरात व नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैनाल रोड निवासी राजीव वासुदेव ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि चोरों ने उसके मकान का ताला तोड वहां से लाखों के जेवरात, नगदी व अन्य सामान चोरी कर लिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दो साल में बनाये कड़े कानून, रोजगार..

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

में लोग आए, अभी तक 81 हजार करोड़ रुपए की ग्राउंडिंग प्रक्रिया चल रही है। प्रदेश के उत्पादों को ब्रांड बनाने के लिए 'हाउस ऑफ हिमालया ब्रांड' तैयार किया है।

उन्होने बताया कि हरिद्वार-ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर को 2026 तक पूरा करने और शारदा कॉरिडोर के साथ ही प्रदेश में दो नए शहरों को बसाया जाएगा. जमरानी बांध परियोजना और सौंग डैम परियोजना की मंजूरी मिल गई है। जोशीमठ के पुनर्निर्माण के लिए 1700 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली है। उड़ान योजना के तहत प्रदेश में हेली कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिला है। उन्होने कहा कि चारधाम यात्रा में सुविधाओ को काफी बेहतर किया गया है. तमाम विभागों में नियुक्ति की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। लोक सेवा आयोग के जरिए 6635 युवाओं को पिछले दो सालों में रोजगार दिया गया है। जबकि पिछले 22 सालों में 7600 युवाओं को ही रोजगार दिया गया था। विद्यार्थियों के लिए तमाम छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई है। सरकारी अस्पतालों में 207 जांचें निशुल्क कराई रही है। दुरस्थ क्षेत्रों में ड्रोन के जरिए मेडिसिन पहुंचाई जा रही है। लखपति दीदी की योजना के तहत महिलाओं को लखपति बनाया जा रहा है।

# संयुक्त नागरिक संगठन ने भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को दी श्रद्धांजलि



संवाददाता

देहरादून। संयुक्त नागरिक संगठन, दून रेजिडेंट वेलफेयर फ्रंट, गवर्नमेंट पेशनर्स वेलफेयर संगठन ने गांधी पार्क में भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव को श्रद्धांजलि दी।

आज यहां संयुक्त नागरिक संगठन, दून रेजिडेंट वेलफेयर फ्रंट,गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर संगठन आदि संस्थाओ के प्रतिनिधिने गांधी पार्क में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शहीद भगतसिंह के चित्र पर गणमान्य नागरिको द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट मौन रखते हुए सामूहिक श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा भगत सिंह ने देश के युवाओं को आजादी के संघर्ष में सहयोग देने का आह्वान करते हुए अंग्रेजी की गुलामी और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और वे सभी के लिए आदर्श बन गए। इनका कथन था कि भगतसिंह के ये जज्बात आज भी वरिष्ठ नागरिको के दिलो को झकझोर देते है की सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, देखना है जोर कितना बाजू में कातिल में है। ये क्रान्तिकारी शब्द आज भी हमारे युवाओं को अन्याय, भ्रष्टाचार, अनैतिकता के खिलाफ संघर्ष करने की प्रेरणा देते है।कुछ वकताओ ने कहा भगत सिंह का कहना था कि जिंदगी तो अपने दम पर ही दी जाती है, दूसरे के कंधों पर तो सिर्फ जनाजे उठाए जाते है, का मकसद यह था कि हमें अपने आप पर ही भरोसा होना जरूरी है तभी हम अंग्रेजों को देश से बाहर निकाल सकते हैं।भगतसिंह का यह कहना अंग्रेज मुझे मार सकते हैं पर मेरे विचारों को नहीं,शरीर को कुचल सकते हैं पर आत्मा को नहीं का मकसद यह था की क्रांति की ज्वाला को बुझाया नहीं जा सकता भले ही मौत आ जाए। मर कर भी मेरे दिल से वतन की उल्फत नहीं निकलेगी मेरी मिट्टी से भी मेरे वतन की खुशबू आएगी शहीद के कथन को आज भी युवाओ के लिए प्रेरणा स्रोत बताया गया। श्रद्धांजलि देने वालों में चौधरी ओमवीर सिंह, कर्नल बीएम थापा, लेफ्टिनेंट कर्नल बीडी गंभीर,गोवर्धन प्रसाद शर्मा, उपेंद्र विजलवाण, शउक्त बात वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रदेश के सिंचाई, पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम, मंत्री सतपाल महाराज ने शनिवार को जिला भाजपा मुख्यालय पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रदेश की भाजपा सरकार की दो वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कही। आर आर पैन्यूली, दिनेश भंडारी,जगमोहन मेहंदीरत्ता,पीसी खंतवाल,आईपीएस रावत, पीके सैनी,यशवीर सिंह,अवधेश शर्मा, बीएस नेगी, एसपी चौहान, वीरेंद्र कुमार, ठाकुर शेर सिंह, विशंभर नाथ बजाज, पीसी नागिया,जगदीश बावला, अनिल कुमार, जेके डंडोना, दीपचंद शर्मा मुकेश नारायण शर्मा रमेश दत्त रतूड़ी अशोक कुमार शर्मा, ताराचंद गुप्ता, किरोड़ी लाल गुप्ता, विजय कैंथुरा,देवेंद्रपाल मोंटी, नंदकिशोर त्रिपाठी,अशोक कुमार,मनोज ध्यानी, शशांक गुप्ता, आरके अग्रवाल,विनोद नौटियाल, नवीन सडाना, विजय पाहवा, सुशील त्यागी,डॉक्टर एसएस खेरा,आर एस धुनता आदि शामिल थे।

# शहीदों के अमूल्य योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता हैः नारंग

संवाददाता

देहरादून। हरीश नारंग ने कहा कि शहीद भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव के देश के लिए अमूल्य योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

आज चक्खुवाला के श्री राम मंदिर में कुटुंब परिवार संगठन राष्ट्रवादी आर टी आई एक्टिविस्ट एंड ह्यूमन राइट्स फेडरेसन भारत उत्तराखंड पंजाबी महा सभा राष्ट्रवादी स्वभिमानी पंजाबी मोर्चा व श्री राम मंदिर समिति चुक्खुवाला द्वारा शहीद ऐ आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की 93वी पुण्यतिथि मनाई गयी। जिसमें उत्तराखंड पंजाबी महा सभा के प्रदेश महामंत्री हरीश नारंग ने कहा की देश के लिये जिन्होंने सर्वस्व अर्पण किया ऐसे राष्ट्र भक्तों को समाज एवम राष्ट्र कभी भी उनके योगदान को नहीं भूल सकता है और जो राष्ट्र व समाज आपने नायकों व शहीदों को भूल जाता है व हमेशा गर्त में चला जाता है। इन देश भक्तों ने राष्ट्र के लिये अपना बलिदान दिया उनको देश सत सत नमन करता है। वहीं उत्तराखंड पंजाबी महा सभा के उपाध्यक्ष प्रदेश गोपाल पुरी ने कहा की शहीद भगत सिंह के अंदर जन्म जात देश भक्ति समाहित थी।

इस अवसर पर कृष्ण गोपाल रुहेला अध्यक्ष कुटुंब परिवार संगठन राष्ट्र वादी आर टी आई एक्टिविस्ट एंड ह्यूमन राइट्स फेडरेसन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप सिंह ललकार, उत्तराखंड पंजाबी माह सभा से सतीश कपूर, सचिन सोंधी, मोंटी कोहली, दीपक गुसाईं, राकेश कुमार, राकेश भट्ट, अमित वर्मा, सतेंद्र भंडारी, सौरव डोभाल, चन्दर मोहन अरोड़ा, सोनू चौहान, रवि शर्मा, मीना शर्मा, जगदीश पोखरियाल, लक्ष्मी पाल, अरुण शाह, सुरेश शाह, दीपा शाह, शिवम भट्ट, कुलदीप काला आदि मौजूद थे।

# संयुक्त टीम ने 80 लीटर शराब की बरामद, हजारों लीटर लाहन किया नष्ट



हमारे संवाददाता

नैनीताल। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सीमांत खटीमा से लगी यूपी सीमा पर उत्तराखंड और यूपी आबकारी विभाग, पुलिस व एसएसटी टीम ने संयुक्त रूप से कच्ची शराब बनाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान पांच कच्ची शराब की भट्टिया, दो हजार लीटर लाहन व शराब बनाने के उपकरण नष्ट किए गए। संयुक्त कार्यवाही में मौके से 80 लीटर कच्ची शराब भी बरामद की गई।

जानकारी के अनुसार इस अभियान में एसएसटी टीम मजिस्ट्रेट सतेंद्र कुमार, आबकारी निरीक्षक लालू राम व यूपी आबकारी विभाग के आबकारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी एवं सत्रहमील पुलिस चौकी प्रभारी ललित बिष्ट के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने बीते रोज उत्तराखंड व यूपी सीमा स्थित दाह ढाकी के डूनीडाम नदी किनारे कच्ची शराब के ठिकानों में छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी की भनक लगते ही कच्ची शराब बनाने वाले शराब माफिया मौके से फरार हो गए।

टीम को छापेमारी के दौरान पांच सुलगती भट्टियां मिली। टीम ने भट्टियों व शराब बनाने के उपकरणों को तहस-नहस कर दिया। साथ ही मौके पर तैयार दो हजार लीटर लाहन को नष्ट कर दिया। टीम ने मौके से 80 लीटर कच्ची शराब बरामद की। आबकारी निरीक्षक लालू राम ने बताया कि क्षेत्र में कच्ची शराब बनाने के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। इस दौरान टीम में पीलीभीत यूपी के आबकारी निरीक्षक मनीष कुमार, हरेंद्र थापा, विपिन कुमार, रवि कुमार, उमेश कुमार, प्रदीप यादव, फतेह सिंह, धीरेंद्र यादव, छोटे लाल यादव, महेश यादव, अनिल कुमार, जगदीश कुमार आदि मौजूद थे।

## एक नजर

# सुनीता केजरीवाल ने अरविंद केजरीवाल का संदेश दिल्ली के लोगों तक पहुंचाया

नई दिल्ली। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने अपने आवास से एक वीडियो जारी किया। इस वीडियो में उन्होंने कहा कि मैं सुनीता केजरीवाल बोल रही हूं। वीडियो में उन्होंने अरविंद केजरीवाल का संदेश दिल्ली के लोगों तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि आपके बेटे और आपके भाई अरविंद केजरीवाल ने जेल से आपके लिए एक संदेश भेजा है। उन्होंने कहा है, मेरे प्यारे देशवासियों मुझे कल गिरफ्तार कर लिया गया, मैं अंदर रहूं या बाहर हर पल देश की सेवा करता रहूंगा। मेरी जिंदगी का हर पल देश के लिए समर्पित है। मेरा जीवन संघर्ष का रहा है इसलिए यह गिरफ्तारी मुझे अचंभित नहीं करती। हमें भारत को दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनाना है। भारत के अंदर और बाहर कई शक्तियां हैं जो भारत को कमजोर कर रही हैं। हमें इन शक्तियों को हराना है। मैं जल्द बाहर आऊंगा और अपना वादा पूरा करूंगा। सुनीता केजरीवाल ने अपने सोशल मीडिया एक्स एकाउंट से बीते दिनों पहले एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा कि 3 बार चुने हुए मुख्यमंत्री को मोदी जी ने सत्ता के अहंकार में गिरफ्तार करवाया। सबको क्रश करने में लगे हैं। यह दिल्ली के लोगो के साथ धोखा है। आपके मुख्यमंत्री हमेशा आपके साथ खड़े रहें हैं। अंदर रहें या बाहर, उनका जीवन देश को समर्पित है। जनता जनार्दन है सब जानती है। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल लोहे का बना हुआ है। अरविंद ने दिल्ली के लोगों से गुजारिश की है कि वह मंदिर जाए और उनके लिए आशीर्वाद मांगे। करोड़ों लोगों की दुआ मेरे साथ है यही मेरी ताकत है। आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ता से अपील है कि मेरे जेल जाने से जन सेवा के कार्य बंद नहीं होने चाहिए। बीजेपी वालों से भी नफरत नहीं करनी है।




# पहले सिसौदिया की गर्दन पकडी अब केजरीवाल से भी किया दुर्व्यवहार

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ईडी की हिरासत में है। बीते दिन सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सीएम केजरीवाल को 6 दिन की रिमांड पर भेजने का आदेश दिया है। हालांकि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के साथ पुलिस अफसर एके सिंह का नाम एक बार फिर से लाइम लाइट में आ गया है। ये वही एके सिंह हैं, जिन्होंने पिछले साल फरवरी में मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी पर मीडिया से बातचीत के दौरान उनकी गर्दन पकड़ ली थी। मामला कैमरे में कैद हुआ तो पूरे पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया था। दिल्ली पुलिस में सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर तैनात एके सिंह पर अब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी मुखर हो गए हैं। सीएम केजरीवाल ने एके सिंह पर रिमांड के दौरान दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। यही नहीं केजरीवाल ने एके सिंह को उनकी सिक्योरिटी से हटाने की भी मांग की है।



# केजरीवाल सीएम के पद से चिपके हुए हैं, उन्हें तत्काल इस्तीफा देना चाहिएः संजय निरुपम

मुंबई। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली की कथित शराब घोटाला मामले में ईडी की कस्टडी में हैं। सीएम की कुर्सी को लेकर आम आदमी पार्टी ने साफ कर दिया है कि सीएम जेल से ही दिल्ली सरकार चलाएंगे। वहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने केजरीवाल पर तंज कसा है और कहा कि यह कैसी नैतिकता है। मुख्यमंत्री के पद से अभी तक चिपके हुए हैं। उन्हें तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। संजय ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर लंबा चौड़ा एक संदेश भी शेयर किया है। संजय निरुपम ने अपने पोस्ट में लिखा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने जीवन के सबसे बड़े संकट से गुजर रहे हैं। इंसानियत के नाते उनके प्रति सहानुभूति है। कांग्रेस पार्टी ने भी उन्हें सार्वजनिक रूप से समर्थन दिया है। लेकिन वे भारतीय राजनीति में नैतिकता की जो नई परिभाषा लिख रहे हैं,उसने मुझे यह पोस्ट लिखने के लिए मजबूर कर दिया। दिल्ली के शराब घोटाले की सच्चाई क्या है,इसका फैसला अदालत को करना है। पर एक मुख्यमंत्री पर इस घोटाले में भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। उनकी गिरफ्तारी हुई है। वे कस्टडी में है और मुख्यमंत्री के पद से अभी तक चिपके हुए हैं। यह कैसी नैतिकता है। उन्हें तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।




# 54 पेटी शराब व बीयर सहित दो तस्कर गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। शराब तस्करों पर बड़ी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने अलग अलग क्षेत्रों से दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से 54 पेटी शराब व बीयर बरामद की गयी है।

पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी अर्पण यदुवंशी द्वारा बताया गया कि बीते रोज मोरी व बडकोट क्षेत्र में पुलिस व एसओजी की टीम को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ शराब तस्कर भारी मात्रा में शराब की डिलीवरी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस व एसओजी टीम द्वारा क्षेत्र में संयुक्त चैकिंग अभियान चला दिया गया। इस दौरान संयुक्त टीम को उत्तरकाशी-हिमाचल बॉर्डर सनेल चैकपोस्ट के पास एक संदिग्ध पिकअप वाहन आता हुआ दिखायी दिया। टीम द्वारा जब उसे रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन चालक वाहन छोड़कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर रोका गया। वाहन की तलाशी के दौरान उसमें रखी 33 पेटी देशी शराब, दो पेटी अंग्रेजी शराब व 15 पेटी बीयर बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम दिनेश ठाकुर पुत्र देवेन्द्र सिंह ठाकुर निवासी बरासली पो. रोहडू, शिमला हिमाचल प्रदेश बताया।

वहीं बड़कोट थाना पुलिस व एसओजी द्वारा एक सूचना के बाद संयुक्त चैकिंग अभियान के दौरान सेवक लाल नामक युवक को कुथनौर पुल के पास से 4 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर दोनों तस्करों के खिलाफ थाना मोरी व बडकोट पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमें दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।



# इंवेस्टमेंट के नाम पर ठगे दो लाख रुपये

संवाददाता

देहरादून। इंवेस्टमेंट के नाम पर दो लाख रूपये की ठगी करने के नाम पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राघव विहार निवासी श्रीमती अंजू रावत ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 05 मार्च 2024 को उसके वाहटअप पर मेसज आया जिसने स्वंय को ईएल कनेक्ट का कर्मचारी बताया टासक सम्बन्धी बचत के लिए बताया तथा इन्वेस्टमेंन्ट के लिए भी कहा इसने उसको टेलीग्राम में इनसे जोडा फिर कोशल्या उससे नये टास्क और पैसा इन्वेसटमेंट करने को कहा और फिर उनकी टीम में आकाश वर्मा अकाउन्ट डिटेल देता था और बिंट पर पैसा का डिमांड करता था।

इन्होने फिर एक टेलिग्राम ग्रुप में जोडा जिसका नाम पार्ट टाईम अरनिग ग्रुप से जोडा जिसमें टास्क से संबन्धित मेसज किये जाते थे शुरुआत में उसने 08 मार्च 2024 को आपने आकाउन्ट केनरा बैक अकाउन्ट से 8 मार्च 2024 से 10 मार्च 2024 कुल देय राशि एक लाख 86000 हजार टास्क के नाम पर इनके दिये गये अकाउन्ट में भेजा गया।

शुरुआत में इन्होंने उसके अकाउन्ट में 150 रूपये के 3 ट्राजेंक्शन भेजी थी जिसके कारण उसको इनपर भरोसा हुआ था जिस कारण उसने सात मार्च को उसने अपने एचडीएफसी अकाउन्ट से 2000 रुपये भेजे जिसके उसको इन्होने 2800 रूपये वापिस भेजे जिस कारण उसको इनपर भरोसा हुआ था। इसी कारण उसने इन लोगो को आपने केनरा बैक अकाउन्ट से एक लाख 86000 रूपये व एचडीएफसी 27900 रूपये दिये कुल 2 लाख 13900 रुपये दे दिये है। जब उसने इनसे आपने पैसे वापस मागे तो इन लोगो ने टेलीग्राम ग्रुप डिलिट कर दिया तथा उसके अकाउन्ट भी हेक कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# कार खाई में गिरी, तीन की मौत

हमारे संवाददाता

चमोली। सड़क दुर्घटना में देर रात एक कार के खाई में गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

मामला गोपेश्वर क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार देर रात थाना नंदा नगर घाट पर सूचना मिली कि ग्राम मणखी के पास एक कार 300 मीटर नीचे गहरी खाई में जा गिरी है। जिसमें तीन लोग सवार है जिनकी मौके पर ही मौत हो गयी है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए थाना नंदा नगर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू अभियान शुरू तीन शवों को बाहर निकाला। मृतकों की पहचान बद्री प्रसाद रतूड़ी (42) पुत्र रामेश्वर प्रसाद रतूड़ी, ग्राम कुंमजुंग थाना नंदा नगर घाट, राकेश सती (51) पुत्र शंभू प्रसाद निवासी ग्राम माणखी थाना नंदा नगर घाट जिला चमोली, ललित प्रसाद (57) पुत्र इंद्रमणि सती निवासी ग्राम कांडई थाना नंदा नगर घाट जिला चमोली के रूप में हुई है।

# करंट लगने से मजदूर की मौत पर ठेकेदार सहित तीन पर मुकदमा दर्ज

देहरादून (सं)। करंट लगने से मजदूर की मौत पर मकान मालिक, ठेकेदार सहित तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बारह बीघा हरिपुर कला निवासी हरिओम ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 20 मार्च 2024 को उसका भाई मृतक वीर पाल की मृत्यु मकान मालिक गौतम स्वीट्स के घर मे हो गई है जहाँ पर वैलडिंग, घिसाई व मकान बनाने का कार्य चल रहा है घिसाई के कार्य के लिए मुरली ठेकेदार द्वारा बबलू ठेकेदार को घिसाई का कार्य दिया गया था बबलू ठेकेदार के द्वारा मृतक स्व. वीरपाल को भेजा गया था। कार्यस्थल पर घिसाई के अलावा बैलडिंग और मकान बनाने का कार्य भी चल रहा था। जहाँ पर 8 से 10 लोग कार्य कर रहे थे। वीरपाल को करंट लगने से बेहोश हो गया तथा मकान मालिक ठेकेदार व लेबर द्वारा वीरपाल को समय रहते प्राथमिक उपचार के लिए कोई सहायता नही दी गई और न ही समय रहते परिवार को सुचना दी गई जब वीरपाल की स्थिति बिगडने लगी तब सूचना दी गई वहाँ पहुचने पर उनके द्वारा ही उसे अस्पताल ले जाया गया जहाँ डाक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# घर के बाहर से दो स्कूटी चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने घर के बाहर खडी दो स्कूटी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरस्वती विहार निवासी कुंवर सिंह ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके घर के बाहर उसकी दो स्कूटी खडी थी। आज सुबह जब वह बाहर आया तो उसने देखा कि उसकी दोनों स्कूटी अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा,** *एडवोकेट*
**बैजनाथ,** *एडवोकेट*

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*